**माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में राजभवन, पटना में दिनांक–09.09.2019 को पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक एवं महाविद्यालय निरीक्षक के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थिति–प्रपत्र–ए के अनुसार।

दिनांक–09.09.2019 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालय निरीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व सर्वप्रथम श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव द्वारा माननीय कुलाधिपति तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा बैठक के लिए निर्धारित एजेंडा (संलेख) विशेषकर शैक्षणिक एवं परीक्षा सत्र का अनियमित होना, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के नैक मूल्याकंण, बायोमेट्रीक उपस्थिति, उपयोगिता प्रमाण–पत्र का समर्पण, निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) की नियुक्ति, B.S.E.I.D.C. द्वारा कराये जा रहे कार्यों, विश्वविद्यालय स्तर पर जन–शिकायत निवारण के अन्तर्गत निष्पादित मामलों, नियमित रूप से पेंशनादि के भुगतान आदि के संबंध में माननीय कुलपति से त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

**माननीय कुलाधिपति द्वारा अपने संबोधन में निम्न बिन्दुओं पर बल दिया गया:–**

1. माननीय कुलाधिपति द्वारा शैक्षणिक सत्र को नियमित समय पर संचालन करने, परीक्षाओं के ससमय आयोजन, परीक्षाफल के ससमय प्रकाशन तथा दीक्षांत समारोह (Convocation) को नियमित अन्तराल पर आयोजित कराने का निदेश दिया गया।
2. सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन के लिए नियमित अन्तराल पर विश्वविद्यालय स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।
3. सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को सेवानिवृति के दिन ही पेंशनादि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का सेवानिवृति की तिथि से छः

माह पूर्व ही सभी पेंशन–प्रपत्र को भरने तथा आवश्यक सूचनाओं के संग्रहण का निदेश दिया गया।

4. आधारभूत संरचना को विकसित करने तथा अन्य मदों में उपलब्ध करायी गयी निधि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जाय।
5. शिक्षकों की कमी को देखते हुए अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) को निर्धारित दिशा–निदेश के अनुसार स्वीकृत पद का आकलन कर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाय।
6. वृहत पैमाने पर वृक्षारोपन, विशेषकर फलदार वृक्ष लगाने का निदेश दिया गया। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए वनपोषक आदि की सेवा, आवश्यकतानुसार लेने का निदेश दिया गया।
7. जल संरक्षण को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाय तथा भवनों में Rain Water Harvesting की सुविधा मुहैया कराया जाय।
8. माननीय कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय को गाँवों को गोद लेने का निदेश दिया गया। इन गाँवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नशाबंदी के संबंध में प्रचार–प्रसार, तम्बाकु, गुटखा से होने वाली बीमारियों, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता, स्वच्छता अभियान आदि के प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया।
9. विश्वविद्यालय में नामांकन पूरा होने के एक माह बाद छात्र संघ के चुनाव की प्रकिया प्रारम्भ की जाय। यथासंभव अक्टूबर माह में चुनाव कराया जाय।
10. योजनाओं के कार्यान्वयन में उसकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय।
11. माननीय कुलाधिपति द्वारा महाविद्यालयों तथा स्नात्तकोत्तर विभागों में नियमित कक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया तथा कुलपति को स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करने का निदेश दिया गया।
12. माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वच्छ तथा कदाचारमुक्त परीक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया।

13. माननीय कुलाधिपति द्वारा अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित स्वयं वित्त पोषित पाठ्यक्रमों (Self Financed Course) में यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश दिया गया।

14. माननीय कुलाधिपति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में गांधी दर्शन पर संगोष्ठी, सेमिनार, संवाद, आदि के आयोजन का निदेश दिया गया।

15. माननीय कुलाधिपति द्वारा बायोमेट्रिक मशीन को तोड़ने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**माननीय कुलाधिपति के संबोधन के पश्चात पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना की समीक्षा निम्न 32 बिन्दुओं पर की गयी।**

**1- Current & Pending Exam and Academic Calendar.**

स्नातक स्तर

**Current & Pending Exam and Academic Calendar**

**Patliputra University, Patna**

**Status Of conduct of Exam UG (Regular course)**

| | | | Part - I | | Part - II | | Part - III | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Session | Closing date of admission | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Remarks |
| 1 | 2018-2021 | | Exam Conducted | Result Published | 16 April 2020 | June 2020 | 15 April 2021 | June 2021 | |
| 2 | 2019-2022 | 15 Sept 2019 | 5 May 2020 | June 2020 | 5 May 2021 | June 21 | 05 May 2022 | June 2022 | |

स्नात्तकोत्तर स्तर

| Patliputra University, Patna | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Status Of conduct of Exam PG (Regular course)** | | | | | | | | | | | |
| | | | Sem - I | | Sem - II | | Sem - III | | Sem - IV | | |
| Sl. No. | Session | Closing date of admission | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results | Date/Proposed date of Exam. | Date/Proposed date of publication of results |
| 1 | 2018-2020 | 27 Feb 2019 | Exam Conducted | Sept 2019 | 27 Jan 2020 | 2 Mar 2020 | 1 July 2020 | 1 Aug 2020 | Dec 2020 | Jan 2021 |
| 2 | 2019-2021 | 15 Sept 2019 | 15 Jan 2020 | 15 Feb 2020 | 2 July 2020 | 1 August 2020 | Dec 2020 | Jan 2020 | May 2021 | Jun 2021 |

2. **Status of NAAC.**

कुल 25 अंगीभूत महाविद्यालयों में 11 का नैक मूल्याकंण किया जा चुका है। शेष 14 महाविद्यालयों का I.I.Q.A. समर्पित किया गया है।

कुलपति को सभी 14 महाविद्यालयों का SSR समर्पित करने का निदेश दिया गया।

3. **Digital Initiative and Status of UMIS and Yearly Expenditure on it.**

UMIS अन्तर्गत Student Cycle का अनुबंध 70 रूपये (सत्तर रूपये) प्रति छात्र का दर कराये जाने की सूचना कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा दी गयी।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र का नामांकन UMIS के माध्यम से कराये जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

कुलपति, पी.पी.यू., पटना द्वारा UMIS लागू करने के लिए लगभग 02.00 करोड़ रूपए (दो करोड़ रूपए) की राशि के व्यय होने की जानकारी द्वारा दी गयी।

**4. Submission of Research Projects.**

कुलपति, पी.पी.यू., पटना द्वारा महाविद्यालयों से रिसर्च प्रोजेक्ट तैयार कर समर्पित करने का आदेश देने की सूचना दी गयी।

**5. Plantation Drive and Rain Water Harvest Project.**

वृक्षारोपन हेतु लगभग 1500 पौधों को लगाये जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी। मुख्य रूप से गुलमोहर, महोगनी, सागवान, आम, अर्जुन आदि के वृक्ष लगाये गये हैं।

कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना को अधिक से अधिक फलदार वृक्षों को लगाने तथा उन वृक्षों को बचाये रखने का निदेश दिया गया।

6. **Monitoring of B.Ed. Post/Hed Post**.

सभी अंगीभूत महाविद्यालयों की सूचना हेड पोस्ट पर Upload किए जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

हेड पोस्ट पर B.Ed. के 53 महाविद्यालयों में 50 महाविद्यालयों द्वारा फोटोग्राफ्स Upload किए जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी। शेष 3 महाविद्यालय जिन्होंने फोटोग्राफ्स Upload नहीं किया है, उनसे कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया।

**7. Progress of Online Degree Distribution.**

नये विश्वविद्यालय के कारण डिग्री वितरण का कोई भी मामला लंबित नहीं है।

**8. Affiliation of Colleges**

महाविद्यालयों के संबधन का कोई भी प्रस्ताव लंबित नहीं है।

**9. Bio Metric Attendance.**

17 अंगीभूत महाविद्यालयों, 2 सरकारी महाविद्यालयों तथा 3 अल्प संख्यक महाविद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन लगाये जाने की जानकारी कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा दी गयी।

विश्वविद्यालय को शेष 8 अंगीभूत महाविद्यालयों में भी बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन लगाये जाने का निदेश कुलपति को दिया गया।

बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के अन्तर्गत शिक्षकों की उपस्थिति अंकित की जा रही है तथा महाविद्यालय एवं स्नातकोत्तर विभागों में कम समय बिताने वाले शिक्षकों से कारण–पृच्छा की जा रही है।

शिक्षकों का वेतन भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से लिंक करने का निदेश दिया गया।

**10. Demand submission for Women's College & Girl Students to Education Department.**

महिला छात्रों की फीस नहीं लेने की प्रति पूर्ति हेतु लगभग 27.00 करोड़ रूपये (सत्ताईस करोड़ रूपये) की राशि का आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा राशि की मांग हेतु प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने की सूचना दी गयी।

**11. Utilization of fund for Laboratory & Library.**

सभी अंगीभूत महाविद्यालयों को पुस्तकालय मद में 2.00 लाख रूपये (दो लाख रूपये) तथा प्रयोगशाला के सुदृढ़ीकरण हेतु वनस्पति शास्त्र, जीव विज्ञान, भौतिकी, रसायन शास्त्र, भूगोल एवं मनोविज्ञान विभाग को एक–एक लाख रूपये की राशि उपलब्ध कराये जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा बताया गया कि सभी प्राचार्यों को उपयोगिता प्रमाण–पत्र समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**12. Guest Faculty Appointment & Submission of demand to Education Department.**

कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा वाणिज्य संकाय को छोड़कर विज्ञान एवं कला विषयों के अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति कर लिये जाने की जानकारी दी गयी। वाणिज्य विषय के अतिथि शिक्षक की नियुक्ति का कार्य इस माह में करा लिये जाने की सम्भावना व्यक्त की गयी।

**13. Solar Energy Installation.**

सौर उर्जा का उपयोग विश्वविद्यालय के छत पर किया जा रहा है।

कुलपति से अनुरोध किया गया कि सौर उर्जा के अधिष्ठापन से संबंधित प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को समर्पित किया जाय।

**14. Sports & Cultural Activities (Eklavya & Tarang)**

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना को 2019 में Inter University स्तर पर तरंग प्रतियोगिता आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया। विश्वविद्यालय को दिनांक–22–26 नवम्बर, 2019 के बीच में प्रतियोगिता आयोजित किए जाने की जानकारी दी गयी।

महामहिम के प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय द्वारा विश्वविद्यालय को अन्तर विश्वविद्यालय तरंग प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में आवश्यकतानुसार सभी तैयारियां कर लिये जाने का निदेश दिया गया।

कुलपति द्वारा एकलव्य एवं तरंग प्रतियोगिता के आयोजन का कैलेन्डर निर्माण कर लिये जाने की जानकारी दी गयी।

**15. Submission of Infrastructure Project to Education Department.**

कुलपति द्वारा 8.05 एकड़ भूमि विश्वविद्यालय को आवंटित किए जाने की जानकारी दी गयी, परन्तु इसका हस्तांतरण नहीं किया गया है। उनके द्वारा सूचित किया गया कि भूमि मिल जाने के पश्चात् DPR तैयार किया जाएगा।

**16. Adoption of Village.**

विश्वविद्यालय द्वारा फुलवारी शरीफ प्रखंड में गोनपुरा गाँव को गोद लिये जाने की जानकारी दी गयी।

गोद लिये गये गाँव में शिक्षा के प्रति विशेष जागरूकता अभियान तथा स्वच्छता अभियान चलाये जाने का निदेश दिया गया।

**17. Pension & Retirement Benefit Payment.**

विश्वविद्यालय को सेवांत लाभ के मामले का निष्पादन करने का निदेश दिया गया। प्रत्येक माह में पेंशन अदालत का आयोजन करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**18. Updating of Data on H.Ed. Post**

सभी 25 अंगीभूत महाविद्यालयों से संबंधित सूचना हेड पोस्ट पर Upload किए जाने की जानकारी दी गयी।

11 संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा भी हेड पोस्ट पर सूचना Upload की गयी है।

**19. Status of Disposal of Grievance Redressal.**

छात्रों एवं शिक्षकों से प्राप्त 63 शिकायतों में से 58 के निष्पादित किए जाने की जानकारी दी गयी।

नियमित अंतराल पर शिकायत निवारण कोषांग की बैठक आहूत करने का निदेश दिया गया।

**20. Project of 'Khelo India'.**

सभी अंगीभूत महाविद्यालयों को खेलो इंडिया के अन्तर्गत प्रस्ताव समर्पित किए जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

चूंकि विश्वविद्यालय की अपनी कोई भूमि नहीं है, इसलिए विश्वविद्यालय स्तर पर खेलो इंडिया के अंतर्गत कोई प्रस्ताव समर्पित नहीं किया गया है।

**21. Court Cases.**

**Court Cases**

**Court Cases Status in the University [UPR-X, Mar-2019]**

| Status | CWJC | MJC | LPA | SLP |
|---|---|---|---|---|
| Total No. of Cases on 05.09.2019 | 129 | 37 | NIL | NIL |
| Total no of Cases filed during Current year | 83 | 20 | NIL | NIL |
| No. of Cases disposed in Current Year | 07 | 02 | - | - |
| No. of Cases Pending for disposal on 31.01.2019 | 07 | NIL | NIL | NIL |
| Total No. of Pending cases on 31.01.2019 | 32 | 15 | NIL | NIL |
| Total No. of Cases pending on 05.09.2019 | 115 | 35 | NIL | NIL |

कुलपति, पी.पी.यू., पटना को लंबित वादों को शीघ्र निष्पादित किए जाने का निदेश दिया गया।

**22. Girls' Toilet**

विश्वविद्यालय स्तर पर महिला शौचालय उपलब्ध होने की जानकारी दी गयी।

कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना को सभी महाविद्यालयों में महिला शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**23. Student's Union Election**

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नामांकन की कार्रवाई समाप्त होने के एक माह के पश्चात् छात्र संघ का चुनाव कराने की कार्रवाई प्रारम्भ करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**24. 2nd October 'Cleanness Drive and use of one time Plastic.**

विश्वविद्यालय द्वारा 'Zero Plastic Waste', 'Nature's Path' एवं 'No To Single Use Plastic' पद्धति को अपनाने की जानकारी दी गयी। विश्वविद्यालय परिसर में प्लास्टिक बोतल, प्लास्टिक के वर्तन, चाय कप, पॉलीथीन आदि के उपयोग को प्रतिबंधित करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**25. NAD 'National Academic Depository'.**

NAD के निबंधन की कार्रवाई करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**26. 'National Digital Library'(NDL).**

NDL में निबंधित किये जाने की जानकारी दी गयी।

**27. Status of coverage of teachers and non-teaching employees under Comprehensive Financial Management System (CFMS).**

CFMS के अन्तर्गत सभी कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का निबंधन किया जा चुका है।

विश्वविद्यालय को सेवा निवृत कर्मियों का भी CFMS में निबंधित करने का निदेश दिया गया।

**28. Status of submission of proposal for curriculum revision of Under-Graduate courses.**

नया विश्वविद्यालय होने के कारण पाठ्यक्रम संशोधन का कार्य विश्वविद्यालय को आबंटित नहीं किया गया है।

**29. Vacancies of teachers.**

कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा विभिन्न विषयों में कुल 722 शिक्षकों की रिक्ति की सूचना दी गयी ।

विश्वविद्यालय को रोस्टर क्लीयरेन्स के पश्चात् नियुक्ति का प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने का निदेश दिया गया।

**30. Status of joining of teachers recommended by BPSC.**

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा अनुशंसित शिक्षकों की नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

**31. Status of submission of Utilization-Certificate for development assistance given by Deptt. of Education.**

विश्वविद्यालय को लगभग 1.20 करोड़ रूपये (एक करोड़ बीस लाख रूपये) की निधि विभिन्न मदों में प्राप्त हुई है जिसका उपयोगिता प्रमाण–पत्र समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**32. Status of conduct of Smart Classes.**

कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी गयी।

**समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये।**

1. विश्वविद्यालय को परीक्षाओं से संबंधित सूचनाओं को अपने वेवसाईट पर Upload करने का निदेश दिया गया।
2. विश्वविद्यालय को सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्याकंण शीघ्र करने हेतु निदेश दिया गया।
3. विज्ञान के साथ–साथ कला (Arts) से संबंधित Research Project भी समर्पित करने का निर्णय लिया गया।
4. विश्वविद्यालय को Rain Water Harvesting का अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजते हुए उसकी एक प्रति राज्यपाल सचिवालय को भी समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव की स्वीकृति की दिशा में कार्रवाई की जा सके।

5. परिनियम के अनुसार शिक्षकों की प्रत्येक कार्य दिवस में कम–से–कम 5 घंटे तथा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम 40 घंटे की उपस्थिति महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों में सुनिश्चित की जाय।
6. B.S.E.I.D.C. द्वारा विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कम–से–कम 15 दिनों पर विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा की जाय।
7. छात्राओं के फीस नहीं लेने की प्रतिपूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत महिला छात्रों की संख्या का आकलन कर "Token Money" निर्गत करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया जाय।
8. सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के सेवांत लाभ से संबंधित प्रपत्र तथा अन्य जानकारी सेवा निवृति की तिथि से 6 माह पूर्व ही प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
9. छात्र संघ का चुनाव वर्तमान सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् एक माह के भीतर यथासंभव अक्तूबर माह में कराया जाय।
10. C.F.M.S. के अन्तर्गत सभी कार्यरत्त शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ–साथ सभी पेंशनधारियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाय।
11. वृक्षा रोपन के अन्तर्गत फलदार वृक्षों के रोपने पर विशेष बल दिया जाय। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए सभी सम्भव उपाय किये जायें। आवश्यकतानुसार वन पोषक तथा अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति वृक्षों को जीवित रखने के लिए की जाय।
12. महाविद्यालयों के संबंधन हेतु सम्पूर्ण सत्र के संबंधन की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया गया।
13. सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा न्यून्तम एक स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।
14. शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लेने का निर्णय लिया गया।
15. शिक्षकों को आवास किराया भत्ता इनके आवासीय पता के निरीक्षण के उपरांत ही भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

16. विश्वविद्यालय स्तर पर सातवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर वेतन सत्यापन कर वेतन revision का प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया जिससे कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन का लाभ मिल सके।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

**ह0/–**
**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**
**माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव**

ज्ञापांक– बी० एस० यू० (मिटिंग)– 49/2018 – 2941 /रा.स.(।।।), दिनांक– 09-10-2019

**प्रतिलिपि:–**

1. पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति /प्रतिकुलपति/ कुलसचिव/ वित्तीय सलाहकार/महाविद्यालय निरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव / निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / सभी संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ।
4. श्री बिजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. राजभवन, पटना को वेबसाइट पर अपलोड करने/गार्ड फाईल में संधारन हेतु।

**(बिजय कुमार)**
**अपर सचिव**
**राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।**